https://jac.jharkhand.gov.in
र

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

## WEB-NOTICE – 20 /2026

ज्ञापांक : JAC/JTET/2406/24/Secy/469/26 दिनांक : 02.06.2026

## झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2026 से संबंधित आवश्यक सूचना

वेब नोटिस 19/2026 के क्रम में विभागीय निदेश के आलोक में झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2026 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि **दिनांक** 20.06.2026 तक विस्तारित की जाती है।

झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2024 के लिए आवेदित कतिपय अभ्यर्थियों से उनके मोबाईल नं0 एवं ई–मेल आई0डी0 अनुपलब्ध होने के कारण झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2026 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन भरने में कठिनाई होने की सूचना प्राप्त हुई है और उनके द्वारा अन्य विकल्प देने का अनुरोध किया जा रहा है। प्राप्त अनुरोध पर सम्यक् विचारोपरान्त सूचित करना है कि मात्र ऐसे अभ्यर्थियों के लिए झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2026 हेतु परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन भरने की तिथि समाप्त होने के उपरान्त विशेष रुप से एक अवसर प्रदान किया जायेगा। ऐसे अभ्यर्थी उक्त निर्धारित विशेष अवधि में अपनी सामान्य विवरणी वेबसाइट पर अंकित करते हुए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भर सकते हैं। तत्संबंधी सूचना एवं प्रक्रिया परिषद् के वेबसाइट पर उपलब्ध होगा, जिसका अवलोकन करते हुए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरा जा सकेगा।

अध्यक्ष के आदेश से,

ह0/–

परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।

ज्ञापांक : JAC/JTET/2406/24/Secy/469/26 दिनांक : 02.06.2026

प्रतिलिपि : वरीय सूचना प्रौद्योगिकी पदाधिकारी, झारखण्ड अधिविद्य परिषद् को इस आशय के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित कि उपरोक्त वेब नोटिस को परिषद् के वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।